Hindi – Tell us what you think

# हमें बताएँ
# कि आप क्या सोचते हैं

Mercy Health
*Care first*

**मर्सी हैल्थ उन सेवाओं में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है जो वो अपने रोगियों को प्रदान करता है। आप जो सोचते हैं वो हमें पता लगे इसमें सहायता के लिए, हम आपको रोगी अनुभव सर्वे में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। आपके उत्तर हमें बताएँगे कि हम क्या अच्छा करते हैं और कहाँ सुधार की ज़रूरत है।**

## यह सर्वे महत्वपूर्ण क्यों है?

समय पर, सीधे अपने रोगियों से उनकी बात सुनना, बहुत ज़्यादा महत्वपूर्ण होता है। इस सर्वे के प्रश्नों के आपके उत्तरों से हमें उन क्षेत्रों को पहचानने और उनके बारे में कुछ करने में मदद मिलेगी जिनमें हमें सुधार करने की ज़रूरत है। आपके उत्तर हमें रीअल-टाइम में (मतल्ब जल्दी से) मिल जाने से, हम उन क्षेत्रों में जल्दी से कार्यवाही कर सकेंगे जहाँ चीज़ें ठीक करने की ज़रुरत है। इसका मतलब है, सभी के लिए स्वास्थ्य संबंधी बेहतर परिणाम और अनुभव।

## इस सर्वे के उत्तरों के साथ मर्सी हैल्थ क्या करेगा?

इस सर्वे के आपके उत्तर **बेनामी** रहेंगे, लेकिन यदि आप इस सर्वे में अपनी पहचान बताना चाहते हैं तो बात अलग है। आप जैसे ही अपने उत्तर सबमिट करेंगे वैसे ही वे हमारे लिए उपलब्ध हो जाएँगे। हम रोज़ाना यह जानने के लिए परिणामों को देखेंगे कि हम क्या अच्छा करते हैं और हम कहाँ सुधार कर सकते हैं।

हम जो परिणाम देखेंगे उनके आधार पर हमारी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हमारे कर्मचारी और सुधार दल मिलकर काम करेंगे। कुछ सुधार जल्दी ही हो जाएँगे। अन्य, जो ज़्यादा कठिन हैं, उनमें थोड़ा अधिक समय लग सकता है।

## इस सर्वे में हिस्सा लेने के लिए कौन-कौन आमंत्रित हैं?

हमें अपना ईमेल पता देने वाले अधिकाँश रोगियों को अस्पताल से छुट्टी मिलने या अपोइंटमेंट में आकर जाने के कुछ दिनों बाद सर्वे का आमंत्रण प्राप्त होगा। कुछ रोगी, जो हमारे अस्पताल में एक से ज़्यादा क्षेत्रों में भर्ती रहकर या दिखा कर गए हैं, उनको दो सर्वे में हिस्सा लेने के लिए ईमेल से आमंत्रण मिल सकते है।

हम आपसे आग्रह करते हैं कि, यदि आपको ये ईमेल (ईमेलें) मिले, तो आप उसमें दिए गए लिंक पर क्लिक करें और प्रश्नों के उत्तर देकर अपना अनुभव साझा करें।

PUB NOV 2024
Prompt doc number: <#doc_num



Community Reviewed – Making information easier to read.

यह दस्तावेज केवल सामान्य जानकारी प्रदान करता है और इसका उद्देश्य योग्यता-प्राप्त प्रैक्टिशनर द्वारा आपको दी गई स्वास्थ्य के बारे में सलाह को प्रतिस्थापित करना नहीं है।
यदि आप अपने स्वास्थ्य के बारे में चिंतित हैं, तो आपको योग्यता-प्राप्त प्रोफेशनल से सलाह लेनी चाहिए।



## यह कैसे सुनिश्चित करें कि आपको इस अनुभव सर्वे के लिए आमंत्रण मिले?


एक इनपेशेंट (भीतरी रोगी) या आउटपेशेंट (बाह्य रोगी) के तौर पर, जब आप हमारे साथ हों, तो कर्मचारियों से कहें कि वे आपका संपर्क विवरण चैक कर लें। **अपना वर्तमान ईमेल पता हमें देना बहुत ही महत्वपूर्ण है।** ऐसा करने से यह सुनिश्चित होता है कि आमंत्रण की ईमेल आपको सीधे अपने इनबॉक्स में प्राप्त हो जाए।

याद रखें, यह महत्वपूर्ण है कि हमनें क्या अच्छा किया और कहाँ हम बेहतर काम कर सकते थे इस बारे में आप अपनी बात कहें। आपके उत्तरों से हमें यह सुनिश्चित करने में सहायता मिलती है कि हम उन चीज़ों पर काम कर रहे हैं जो **आपके लिए सबसे ज़्यादा महत्वपूर्ण हैं** और हमारे सभी रोगियों के लिए भी सबसे ज़्यादा महत्वपूर्ण हैं।

## आप अपने ईमेल आमंत्रण को कैसे पहचानेंगे?

स्पैम और फिशिंग की इस दुनिया में हम यह समझते हैं कि यह जानना एक कठिन काम होता है कि कौनसी ईमेलें खोलने और पढ़ने के लिए सुरक्षित हैं।

हमारी ईमेल सुरक्षित हैं यह पहचान करने में आपकी सहायता के लिए, आप देखेंगे कि हमारी ईमेल भेजने वाले को 'Insync' कहा जाता है। यह ईमेल आमंत्रण ऐसा दिखेगा।



Mercy Health
Care first

Dear Mr/Mrs/Ms./Mx

Mercy Health is committed to improving the services we deliver and we invite you to share your experience by completing this survey.

Your survey responses are de-identified and will guide us on what we do well and what needs to improve. Working together ensures we improve services for patients and their families.

Please take a few minutes of your time to complete the online survey via the "Start survey" button below. The full survey will take about 10 minutes to complete.

It is important to note:

- If you need urgent attention, please call **000** or visit your closest emergency department.
- Your survey feedback does not replace our compliments and complaints process. If you wish to make a formal complaint/compliment about your healthcare experience, please click here.

Start survey

Your responses will be required by DD/MM/YYYY.

If you are unable to complete the survey, a family member or friend may help you. Your answers will help us to improve our services.

Thank you and we look forward to receiving your feedback.

Yours sincerely
Mercy Health

insync

**Sent by Insync on behalf of MERCY HEALTH**
**Phone:** +61 7 5580 7400
**Email:** surveys@insync.com.au
If you experience any technical difficulties, please contact the Insync Help Line above.

insync


## आपको यह ईमेल आमंत्रण कब प्राप्त होगा?

इस सर्वे में हिस्सा लेने के लिए आपका आमंत्रण, आपको अस्पताल से छुट्टी मिलने या अपने अपोइंटमेंट में दिखाकर जाने के कुछ दिन बाद से लेकर दो सप्ताह तक की अवधि के बीच किसी समय आ जाएगा।

PUB NOV 2024
Prompt doc number: <#doc_num



यह दस्तावेज केवल सामान्य जानकारी प्रदान करता है और इसका उद्देश्य योग्यता-प्राप्त प्रैक्टिशनर द्वारा आपको दी गई स्वास्थ्य के बारे में सलाह को प्रतिस्थापित करना नहीं है। यदि आप अपने स्वास्थ्य के बारे में चिंतित हैं, तो आपको योग्यता-प्राप्त प्रोफेशनल से सलाह लेनी चाहिए।




## क्या इस सर्वे को पूरा करना आसान है?

सर्वे का लिंक आपके ईमेल आमंत्रण में दिया गया है। जब आप **‘Start Survey’** बटन पर क्लिक करेंगे, तो आप सीधे सर्वे के प्रश्नों वाले पेज पर पहुँच जाएँगे। इस सर्वे को पूरा करने में लगभग 10 मिनट लगते हैं और यह **कई भाषाओं में उपलब्ध** है।

आप अपना सर्वे किसी कम्प्यूटर, टेबलेट या मोबाइल पर कर सकते हैं और यह स्क्रीन रीडर अनुकूल भी है।

## अगर आप इस सर्वे को पूरा नहीं करें तो क्या होगा?

आप चाहे सर्वे करने या न करने का निर्णय लें, आपकी देखभाल वैसी ही रहती है। आपका फीडबैक हमारे लिए महत्वपूर्ण है और हमारा मानना है कि लोगों को यह बताने के लिए एक से ज़्यादा बार मौका मिलना चाहिए कि वे क्या सोचते हैं। अगर आप पहले सर्वे के उत्तर नहीं देते तो आपको याद दिलाने के लिए एक रिमाइंडर सर्वे भेजा जाएगा।

## और अधिक जानकारी के लिए

अगर आप रोगी अनुभव सर्वे के बारे में कुछ पूछना चाहते हैं तो, कृपया इस पते पर ईमेल करें: SurveyExperience@mercy.com.au

कोई आपात-स्थिति होने पर, कृपया एम्बुलैंस बुलाने के लिए **000** पर फ़ोन करें या अपने निकटतम मर्सी हैल्थ या किसी अन्य अस्पताल के आपात-स्थिति विभाग में जाएँ।

PUB NOV 2024
Prompt doc number: <#doc_num



यह दस्तावेज केवल सामान्य जानकारी प्रदान करता है और इसका उद्देश्य योग्यता-प्राप्त प्रैक्टिशनर द्वारा आपको दी गई स्वास्थ्य के बारे में सलाह को प्रतिस्थापित करना नहीं है। यदि आप अपने स्वास्थ्य के बारे में चिंतित हैं, तो आपको योग्यता-प्राप्त प्रोफेशनल से सलाह लेनी चाहिए।